अजीत समाचार 05/04/2024

कालेज में सेना भर्ती/अग्निवीर योजना पर विस्तार व्याख्यान का हुआ सफल आयोजन

कालेज में सेना भर्ती/अग्निवीर योजना पर व्याख्यान करते हुए एनएन झा।

अम्बाला कैंट, 4 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कालेज अम्बाला छावनी द्वारा डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में तथा डॉ. कैप्टन एसएस नैन की अध्यक्षता में एनसीसी (बायज एंड गर्ल्स विंग्स) के तत्वावधान में सेना भर्ती/अग्निवीर योजना पर एक विस्तारित व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस व्याख्यान मे मुख्य वक्ता के रूप मे सब एनएन झा, सब आई बासु मैत्री, सीएफएन अनीश, यूनिट 901 एडी डबलयु, केएसएच रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफेंस के क्षेत्र में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ताओं का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सेवा भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफेंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई गई है, जिससे वे डिफेंस के क्षेत्र में अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एसएस नैन ने कहा कि यह मोटिवेशनल लेक्चर विद्यार्थियों को डिफेंस सेवाओं में प्रवेश करने के लिए प्रेरणा देने हेतु आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि डिफेंस सेवाओं में शामिल होना बेहद ही गर्व की बात है, जिसमें नौजवानों की उम्मीदें, सपना और समर्पण शामिल होता है। एनसीसी (गर्ल्स विंग्स) की प्रभारी डॉ. तृप्ति शर्मा ने कहा कि इस अद्भुत व्याख्यान के माध्यम से एनसीसी विभाग ने युवाओं को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया है, साथ ही उन्हें सेना में अपनी सेवाओं का महत्व समझने का अवसर दिया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट एवं अन्य विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।